# प्रादेशिक समाचार
## 05.09.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में शिक्षक दिवस पर देवघर जिले की शिक्षिका श्वेता शर्मा समेत देशभर के छियासठ शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि विकास में महिलाओं को अग्रणी भूमिका देने का सबसे प्रभावी उपाय यह है कि बेटियों को सर्वोत्ताम शिक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि बालिका शिक्षा परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में एक अमूल्य योगदान है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि शिक्षा से कमजोर वर्गों के बच्चों का सशक्तिकरण होता है और उनकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा को सुलभ और स्कूल स्तर पर सरल बनाने पर विशेष बल दिया गया है।

***********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में शिक्षक के अवसर पर दिवस कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हजारीबाग में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल ने एक सौ से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि शिक्षक समाज के रीढ़ होते हैं, जिनके बिना स्वच्छ समाज की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है।

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के एक अंग्रेजी अख़बार में छपे लेख को साझा किया। इस लेख में श्री प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आत्मनिर्भरता और विकास के यात्रा की धुरी बतायी है। श्री प्रधान ने कहा कि आज शिक्षक प्रधानमंत्री ई–विद्या, दीक्षा और स्वयम का उपयोग कर डिजिटल कक्षाओं, यांत्रिक मेधा, बदलते पाठ्यक्रम और विविध शिक्षा आवश्यकताओं को तेज़ी से अपना रहे हैं।

***********************

राज्य के वित्त रहित शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर आज राजभवन के समक्ष धरना दिया। उनकी मांगों में अनुदान राशि में पचहत्तर प्रतिशत की वृद्धि और राज्य कर्मी का दर्जा देना शामिल है। शिक्षकों ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास और विधायकों के आवास का भी घेराव करेंगे।

***********************

पलामू में हुई नक्सली घटना के बाद राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने का आदेश दिया है। इसी कड़ी में सरायकेला–खरसावां जिले में भी पुलिस और एसएसबी के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षा बलों ने चौका और दरभंगा क्षेत्र के घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान कई संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ली गयी और कुछ सामान भी बरामद किया गया है। हालांकि, इस दौरान किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

***********************

पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल गांव में बुधवार की रात उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद जिला पुलिस के जवान सुनील राम का आज उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले शहीद जवान की अंतिम यात्रा भी निकाली गयी, जिसमें विधायक संजय कुमार सिंह यादव और पुलिस अधीक्षक अभियान राकेश कुमार समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

***********************

साहिबगंज जिले में मच्छर जनित मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

***********************

पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्म दिवस पर आज ईद मिलाद–उन–नबी, झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रांची, पाकुड़, सरायकेला–खरसावां और बोकारो समेत सभी जिलों में जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल हुए। इस दौरान मस्जिदों में नमाज अदा की गई और अमन चैन की दुआ मांगी गई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुस्लिम समुदाय को मिलाद–उन–नबी की बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि पैगंबर मुहम्मद ने लोगों को एकता और मानवता की सेवा का संदेश दिया था। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मिलाद–उन–नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय को शुभकामनाएँ दी है। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मिलाद–उन–नबी की शुभकामनायें दी है।

********समाप्त***************